भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या – 2753**

उत्तर देने की तारीख : 19.12.2023

**एनआईपीपीडी का स्थापना दिवस**

2753. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

श्री प्रतापराव जाधवः

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

श्री सुधीर गुप्ताः

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक विकलांग जन संस्थान (एनआईपीपीडी) ने हाल ही में अपना 47वां स्थापना दिवस मनाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त समारोह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रम और कार्यकलाप का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त कार्यक्रम में विश्व भर के विकलांग व्यक्तियों ने भाग लिया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से भारतीय छात्र किस प्रकार लाभान्वित होंगे;

(ङ) उक्त कार्यक्रम के आयोजन पर कुल कितना व्यय किया गया; और

(च) क्या सरकार का विचार शारीरिक रूप से विकलांग विद्यार्थियों के उत्थान के लिए देश के विभिन्न भागों में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क): जी, हां। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान (पीडीयूएनआईपीपीडी), नई दिल्ली ने संस्थान के इतिहास में इस उपलब्धि के स्मरण में 27.11.2023 को 47 वां स्थापना दिवस मनाया ताकि जनता, छात्र और कर्मचारी इस संस्थान की शुरुआत और उद्देश्य से अवगत हो सकें।

(ख): पीडीयूएनआईपीपीडी ने 47वें स्थापना दिवस पर निम्नलिखित गतिविधियों/कार्यक्रमों का आयोजन किया:-

(i) भारत और विश्व भर में फिजियोथेरेपी और ऑक्यूपेशनल थेरेपी के क्षेत्र में संस्थान के ध्वजवाहक रहे पिछले बैचों से संस्थान के पूर्व छात्रों की मान्यता और सम्मान।

(ii) उन पूर्व छात्रों की मान्यता जिन्होंने इस संस्थान में शिक्षकों के रूप में काम किया है और इस प्रकार अपने मातृ संस्थान के लिए जीवन भर समर्पित रहे हैं।

(iii) सांस्कृतिक कार्यक्रम।

(iv) भविष्य में बेहतर मानव संसाधन सृजन की दिशा में ध्यान केंद्रित करने के साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों के शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या प्रयासों की सराहना और प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार समारोह।

(ग): जी, नहीं ।

(घ): अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से छात्रों को निम्नलिखित तरीके से लाभ होता है: –

(i) पूर्व छात्रों के नेटवर्क का कायाकल्प और सुदृढ़ीकरण।

(ii) पूर्व छात्रों की सफलता की कहानियां वर्तमान छात्रों को विश्व भर के देशों में अपने वरिष्ठों द्वारा बनाई गई बेंचमार्क और विरासत पर गर्व करेगी और इस प्रकार, छात्रों को उनके प्रयासों का अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

(iii) पूर्व छात्रों और छात्रों के बीच आमने-सामने की बातचीत के लिए एक मंच का निर्माण करना ताकि भाईचारे के बंधन और सौहार्द को बढ़ावा दिया जा सके।

(iv) आवधिक और नियमित व्याख्यान, कार्यशालाओं, छात्रवृत्ति एवं सक्रिय वित्त पोषण के रूप में पूर्व छात्रों की भागीदारी के माध्यम से संस्थान द्वारा सृजित किए जा रहे मानव संसाधनों की गुणवत्ता में सुधार करना।

(ङ): पीडीयूएनआईपीपीडी ने 47वां स्थापना दिवस मनाने के लिए 2,48,650 रुपये खर्च किए हैं।

(च): इस विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय संस्थान और समेकित क्षेत्रीय केन्द्र समय-समय पर शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्रों के उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजित करते हैं ।

*****